# उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर
## प्रशासकीय परिषद्
बारहवीं बैठक दिनांक 24–09–2018

### कार्यवृत्त

प्रशासकीय परिषद् की दिनांक 24.09.2018 को प्रातः 10:00 बजे मालवीय सभागार डा0ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ में सम्पन्न बैठक में निम्न सदस्यों ने प्रतिभाग किया।

| कमांक | सदस्य का नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 ए0के0 चतुर्वेदी,<br>निदेशक, आई0आई0टी0,<br>रूड़की। | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 विनय कुमार पाठक,<br>कुलपति, ए0के0टी0यू0,<br>लखनऊ। | सदस्य |
| 3. | श्री अवध किशोर,<br>उपसचिव, उ0प्र0 शासन,<br>प्राविधिक शिक्षा, लखनऊ। | प्रतिनिधि उपाध्यक्ष |
| 4. | प्रतिनिधि,<br>वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ। | सदस्य |
| 5. | श्री आर0सी0 राजपूत,<br>निदेशक, प्राविधिक शिक्षा निदेशालय,<br>कानपुर। | सदस्य |
| 6. | प्रो0 मंगला जोशी,<br>प्रोफेसर टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी विभाग,<br>आई0आई0टी0, दिल्ली। | सदस्य |
| 7. | प्रो0 रघुराज सिंह,<br>कम्प्यूटर साइंस विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 8. | डा0 टी0सी0 शमी,<br>सेवानिवृत्त वैज्ञानिक "जी",<br>डी0एम0एस0आर0डी0ई0, कानपुर। | सदस्य |
| 9. | प्रो0 आभा भार्गव,<br>उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान,<br>कानपुर। | सदस्य |
| 10. | प्रो0 के0एल0 महावर,<br>बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर विश्वविद्यालय,<br>लखनऊ। | सदस्य |
| 11. | प्रो0 नीरज मिश्रा, प्रतिनिधि निदेशक,<br>भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर। | सदस्य |
| 12. | प्रो0 मुकेश कुमार सिंह, निदेशक<br>उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान,<br>कानपुर। | सदस्य सचिव |

परिषद् की बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित न हो सके।

| कमांक | सदस्य का नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 जे0पी0 सैनी,<br>निदेशक, ए0आई0टी0एच0, कानपुर। | सदस्य |
| 2. | डा0 के0के0 गोस्वामी,<br>निदेशक, आई0आई0सी0टी0,<br>भदोही। | सदस्य |
| 3. | प्रो0 अश्विनी कुमार अग्रवाल,<br>विभागाध्यक्ष, टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी,<br>आई0आई0टी0, दिल्ली। | सदस्य |
| 4. | डा0 आर0आर0 मलिक,<br>डायरेक्टर, एकेडमिक जे0सी0डी0 विद्यापीठ,<br>सिरसा, हरियाणा। | सदस्य |
| 5. | प्रो0 आलोक कुमार,<br>उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान,<br>कानपुर। | सदस्य |

सर्वप्रथम अध्यक्ष महोदय ने प्रशासकीय परिषद के नव नियुक्त सदस्यों प्रो0 के0एल0 महावर एवं श्री सुशील कुमार गुप्ता का स्वागत किया एवं परिषद के पूर्व सदस्यों की बहुमूल्य सुझावों एवं योगदान के प्रति आभार व्यक्त करते हुये परिषद की कार्यवाही प्रारम्भ करने की अनुमति प्रदान की। तत्पश्चात् परिषद के सदस्य सचिव द्वारा कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

**12.01 संस्थान की प्रशासकीय परिषद की दिनांक 26 अप्रैल, 2018 को सम्पन्न ग्यारहवीं बैठक के कार्यवृत्त के सम्पुष्टिकरण किये जाने का प्रस्ताव।**

उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान की प्रशासकीय परिषद की ग्यारहवीं बैठक 26 अप्रैल, 2018 को उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर में सम्पन्न हुई। प्रशासकीय परिषद ने समग्र विचारोपरान्त सर्वसम्मति से ग्यारहवीं बैठक में लिये गये निर्णयों का सम्पुष्टिकरण किया।

12.02 उत्तर प्रदेश वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान की प्रशासकीय परिषद की ग्यारहवीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही से अवगत कराये जाने का प्रस्ताव।

प्रशासकीय परिषद की 26 अप्रैल, 2018 को सम्पन्न हुई ग्यारहवीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का प्रशासकीय परिषद ने अवलोकन किया एवं कृत कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया।

12.03 माननीय न्यायालयों में योजित/विचाराधीन एवं लम्बित वादों से परिषद् को अवगत कराये जाने का प्रस्ताव।

माननीय न्यायालयों में योजित/विचाराधीन एवं लम्बित वादों का प्रशासकीय परिषद ने अवलोकन किया।

12.04 संस्थान में शैक्षिक गतिविधियों, प्रतियोगी परीक्षाओं एवं सत्र 2017–18 के परीक्षा परिणामों से प्रशासकीय परिषद को अवगत कराये जाने का प्रस्ताव।

परिषद ने छात्रों द्वारा गेट परीक्षा एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में किये गये प्रदर्शन का अवलोकन किया एवं छात्रों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किये जाने की सराहना की।

12.04 संस्थान में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग एवं सेवायोजन की स्थिति से परिषद् को अवगत कराये जाने का प्रस्ताव।

संस्थान में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग एवं सेवायोजन की स्थिति का परिषद ने अवलोकन किया एवं संतोष व्यक्त किया।

12.06 संस्थान स्तर पर लिये गये प्रशासनिक निर्णयों से प्रशासकीय परिषद को अवगत कराये जाने का प्रस्ताव।

संस्थान स्तर पर लिये गये प्रशासनिक निर्णयों का प्रशासकीय परिषद ने अवलोकन किया।

12.07 संस्थान के श्री इन्द्र प्रकाश मिश्र एवं श्री संजीव कुमार राजपूत को कैरियर उन्नयन योजना (कैस) के अन्तर्गत सहायक प्रोफेसर (ए0जी0पी रू0 8000/–) से एसोसिएट प्रोफेसर (ए0जी0पी0 रू0 9000/–) पर प्रोन्नति प्रदान कराये जाने के संबंध में कार्यवाही किये जाने के प्रस्ताव पर विचार।

संस्थान के श्री इन्द्र प्रकाश मिश्र एवं श्री संजीव कुमार राजपूत को कैरियर उन्नयन योजना (कैस) के अन्तर्गत सहायक प्रोफेसर (ए0जी0पी रू0 8000/–) से एसोसिएट प्रोफेसर (वेतनमान 37400–67000, ए0जी0पी0 रू0 9000/–) पर प्रोन्नति किये जाने की परिषद द्वारा सहमति प्रदान की गयी।

12.08 संस्थान की चौथीं विद्या परिषद की बैठक में लिये गये निर्णयों से प्रशासकीय परिषद को अवगत कराना।

प्रशासकीय परिषद संस्थान की चौथीं विद्या परिषद की बैठक में लिये गये निर्णयों से अवगत हुई इसके साथ ही छात्र/छात्राओं को उनकी उत्तर पुस्तिकाएं दिखाये जाने का निर्देश दिया।

**12.09 संस्थान में चल रहे एम0टेक0 टेक्सटाइल केमिस्ट्री कोर्स को पुर्नजीवित किये जाने का प्रस्ताव।**

परिषद ने एम0टेक0 टेक्सटाइल केमिस्ट्री कोर्स का नाम बदलकर नये एजेण्डे के साथ अगली प्रशासकीय परिषद की बैठक में रखने का प्रस्ताव पारित किया।

**12.10 संस्थान के संकाय सदस्यों को प्रतिनियुक्ति पर भेजे जाने के समयावधि के निर्धारण का प्रस्ताव।**

प्रशासकीय परिषद ने निर्णय लिया कि किसी भी संकाय सदस्य के प्रार्थना पत्र के अग्रसारण की संख्या निश्चित नहीं होगी। प्रतिनियुक्ति पर भेजे जाने की व्यवस्था राजकीय नियमानुसार होगी। प्रतिनियुक्ति हेतु असाधारण अवकाश उ0प्र0 सरकार की वित्तीय हस्तपुस्तिका में दी गयी व्यवस्था के अनुसार अनुमन्य होगा। इस हेतु अधिकतम 10 प्रतिशत संकाय सदस्यों को प्रतिनियुक्ति पर भेजे जाने की सहमति बनीं।

**12.11 संस्थान के श्री शिव गोविन्द प्रसाद, सहायक प्रोफेसर बेसिक साइंस विभाग के कैरियर उन्नयन योजना (कैस) के अन्तर्गत सहायक प्रोफेसर (ए0जी0पी0 रू0 7000/–) से सहायक प्रोफेसर (ए0जी0पी0 रू0 8000/–) पर प्रोन्नति प्रदान कराये जाने के संबंध में कार्यवाही किये जाने के प्रस्ताव पर विचार।**

प्रशासकीय परिषद ने श्री शिव गोविन्द प्रसाद, सहायक प्रोफेसर बेसिक साइंस विभाग के जिनके कैरियर उन्नयन हेतु गठित समिति द्वारा सशर्त स्वीकृत के प्रस्ताव एवं अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा लिये गये सुझाव/स्पष्टीकरण पर सम्यक विचारोंपरान्त निर्णय लिया कि श्री शिव गोविन्द प्रसाद चूंकि कैरियर उन्नयन हेतु गठित समिति के समक्ष उपस्थित हो चुके हैं और समिति ने उनके उन्नयन को सशर्त संस्तुति प्रदान की है। अतः प्रशासकीय परिषद ने निर्णय लिया कि श्री शिव गोविन्द प्रसाद को उनके पी0एच0डी0 उपाधि प्राप्त करते ही ए0जी0पी0 रू0 8000/– प्रदान कर दिया जाय।

**12.12 संस्थान में ए0आई0सी0टी0ई0 के मानक के अनुसार संकाय सदस्यों (शिक्षकों) के पदों का सृजन कराये जाने का प्रस्ताव।**

संस्थान में ए0आई0सी0टी0ई0 के मानक के अनुसार संकाय सदस्यों (शिक्षकों) के पदों का सृजन कराये जाने के संबंध में उ0प्र0 शासन को भेजे गये प्रस्ताव का अवलोकन किया।

**12.13 संस्थान की वित्त समिति की 15वीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर अनुमोदन प्राप्त किया जाना।**

संस्थान की वित्त समिति की 15वीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर प्रशासकीय परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

12.14 संस्थान की भवन एवं निर्माण समिति की ग्यारहवीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्राप्त किये जाने का प्रस्ताव एवं संस्थान में चल रहे निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति से अवगत कराये जाने का प्रस्ताव।

संस्थान की भवन एवं निर्माण समिति की ग्यारहवीं बैठक के कार्यवृत्त पर प्रशासकीय परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया एवं संस्थान में चल रहे निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति का अवलोकन किया।

12.15 संस्थान में टेकिप–III के अन्तर्गत कार्यभार ग्रहण करने वाले संकाय सदस्यों के विषय में प्रशासकीय परिषद को अवगत कराना।

संस्थान में टेकिप–III के अन्तर्गत कार्यभार ग्रहण करने वाले संकाय सदस्यों का प्रशासकीय परिषद ने अवलोकन किया।

12.16 टेकिप–III के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष अप्रैल, 2018 के पश्चात् सम्पन्न विभिन्न गतिविधियों से प्रशासकीय परिषद को अवगत कराना।

टेकिप–III के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष अप्रैल, 2018 के पश्चात् सम्पन्न विभिन्न गतिविधियों का प्रशासकीय परिषद ने अवलोकन किया एवं संतोष व्यक्त किया।

12.17 संस्थान की जर्जर विद्युत व्यवस्था में सुधार किये जाने का प्रस्ताव।

संस्थान में अलग–अलग टाईप के आवासों में (यदि एअर कंडीशन लगा हो तो उसकी संख्या के अनुरूप) जिस तिथि से संस्थान में बिल नहीं जमा किया गया हो उस तिथि से एक नियत विद्युत बिल निर्धारित किया जाय। विद्युत बिल का निर्धारण संस्थान की संयुक्त समिति से कराया जाय। इसके अतिरिक्त प्रशासकीय परिषद ने पूर्व के शेष विद्युत बिल को वर्तमान बिल के साथ किस्तवार प्रतिमाह वेतन से कटौती करने का निर्देश निदेशक को दिया। संस्थान की जर्जर विद्युत व्यवस्था में सुधार के प्रस्ताव को बिल्डिंग वर्क्स कमेटी में रखे जाने का परिषद ने सुझाव दिया।

12.18 संस्थान में अनुपयुक्त हो चुकी सामग्रियों को निष्प्रयोज्य घोषित कर नीलामी कराये जाने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्राप्त किया जाना।

परिषद द्वारा अनुपयुक्त हो चुकी साम्रगियों को निष्प्रयोज्य घोषित कर खुली निविदा द्वारा नीलामी कराये जाने के प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया ।

12.19 संस्थान में तृतीय श्रेणी के तकनीकी एवं लिपिक सम्वर्गीय कर्मचारियों के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु अधियाचन भेजे जाने का प्रस्ताव।

संस्थान में तृतीय श्रेणी के तकनीकी एवं लिपिक सम्वर्गीय कर्मचारियों के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु अधीनस्थ चयन आयोग को अधियाचन भेजे जाने के प्रस्ताव का प्रशासकीय परिषद ने अवलोकन किया।

12.20 प्रशासकीय परिषद द्वारा संस्थान की विद्या परिषद के रिक्त पदों पर सदस्यों को नामित किया जाना।

संस्थान की विद्या परिषद के रिक्त पदों पर सदस्यों को नामित किये जाने हेतु अध्यक्ष प्रशासकीय परिषद एवं सदस्य सचिव प्रशासकीय परिषद को अधिकृत किया ।

12.21 टेकिप–III के अन्तर्गत अस्थायी रूप से नियत वेतन पर नियुक्त डाटा एण्ट्री ऑपरेटर एवं सपोर्ट स्टाफ की सेवाओं को अगले एक वर्ष के लिए विस्तारित करने तथा एम0आई0एस0 आफीसर के पद को पुर्नविज्ञापित कर एक वर्ष हेतु भरने का प्रस्ताव।

टेकिप–III के अन्तर्गत अस्थायी रूप से नियत वेतन पर नियुक्त डाटा एण्ट्री ऑपरेटर एवं सपोर्ट स्टाफ की सेवाओं को अगले एक वर्ष के लिए विस्तारित तथा एम0आई0एस0 आफीसर पद को पुर्नविज्ञापित कर एक वर्ष हेतु भरने के प्रस्ताव को प्रशासकीय परिषद ने अनुमोदन प्रदान किया।

12.22 संस्थान के स्पोर्ट्स ग्राउन्ड के अनुरक्षण एवं रख–रखाव हेतु बाह्य प्रदेश स्तरीय खिलाड़ी/संस्था को कार्य आवंटित करने का प्रस्ताव।

संस्थान द्वारा प्रदेश स्तरीय खिलाड़ी को संस्थान द्वारा किसी भी प्रकार का कोई भी भुगतान नहीं किये जाने एवं संस्थान के स्पोर्ट्स ग्राउन्ड के अनुरक्षण एवं रख–रखाव हेतु छः माह के ट्रायल बेसिस पर आवंटित करने के प्रस्ताव पर परिषद द्वारा सहमति प्रदान की गयी।

12.23 टेकिप–III के अन्तर्गत कय की गयी सामग्री/सेवायें /सम्पादित की गयी एक्टिविटी से परिषद को अवगत कराने का प्रस्ताव।

टेकिप–III के अन्तर्गत कय की गयी सामग्री/सेवायें/सम्पादित की गयी एक्टिविटी का प्रशासकीय परिषद ने अवलोकन किया।

12.24 टेकिप–III के अन्तर्गत कय की जा रही सामग्री/सेवायें जिनका कय प्रकियाधीन है, से प्रशासकीय परिषद से अनुमोदन का प्रस्ताव।

टेकिप–III के अन्तर्गत कय की जा रही सामग्री/सेवायें जिनका कय प्रकियाधीन है, को प्रशासकीय परिषद ने अनुमोदन प्रदान किया।

12.25 टेकिप–III के अन्तर्गत सामग्री/सेवायें/एक्टीविटी जिनका कय भविष्य में प्रस्तावित है, का प्रशासकीय परिषद से अनुमोदन का प्रस्ताव।

टेकिप–III के अन्तर्गत सामग्री/सेवायें/एक्टीविटी जिनका कय भविष्य में प्रस्तावित है, को परिषद ने अनुमोदन प्रदान किया।

**12.26 शासन से वित्तीय वर्ष 2016—17 में उपकरणों हेतु पी0एल0ए0 मद में प्राप्त रू0 1.25 करोड़ में से रू0 71.74 लाख के उपकरणों के कय से परिषद को अवगत कराने का प्रस्ताव।**

शासन से वित्तीय वर्ष 2016—17 में उपकरणों हेतु पी0एल0ए0 मद में प्राप्त रू0 1.25 करोड़ में से रू0 71.74 लाख के उपकरणों के कय का परिषद ने अवलोकन किया।

**12.27 प्रशासकीय परिषद के मा0 सदस्यों यथा निदेशक आई0आई0टी0 कानपुर, निदेशक तकनीकी शिक्षा तथा विभागाध्यक्ष आई0आई0टी0 दिल्ली, को अपना प्रतिनिधि नामित करने की सुविधा प्रदान करने का प्रस्ताव।**

निदेशक आई0आई0टी0 कानपुर तथा विभागाध्यक्ष आई0आई0टी0 दिल्ली को स्वयं के प्रतिभाग न कर पाने की स्थिति में प्रोफेसर पद एवं निदेशक तकनीकी शिक्षा उ0प्र0 को संयुक्त निदेशक पद के अधिकारी को प्रशासकीय परिषद में प्रतिनिधि के रूप में नामित करने के प्रस्ताव को प्रशासकीय परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया।

**12.28 संस्थान के कैरियर एडवांसमेन्ट स्कीम के तहत अर्ह हुये संकाय सदस्यों के प्रमोशन संबंधी प्रस्ताव।**

संस्थान के कैरियर एडवांसमेन्ट स्कीम के तहत अर्ह हुये संकाय सदस्यों के प्रमोशन संबंधी कार्यवाही अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के नियमों के अन्तर्गत करने की प्रशासकीय परिषद द्वारा सहमति प्रदान की गयी।

**12.29 अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद की अनुमति से अन्य किसी प्रस्ताव पर विचार।**

**(क) मा0 अध्यक्ष की अनुमति से प्रो0 अरूण कुमार पात्रा की इस पद पर कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व की वेतन को संरक्षित करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया। प्रशासकीय परिषद को अवगत कराया गया कि वर्तमान उपलब्ध शासनादेशों एवं राज्य सरकार के निर्देशों के अनुरूप प्रो0 अरूण कुमार पात्रा को वेतन संरक्षण का लाभ दिया जाना सम्भव नहीं है क्योंकि प्रो0 अरूण कुमार पात्रा नियुक्ति के पूर्व टी0आई0टी0, भिवानी एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत थे जोकि बिरला समूह का निजी संस्थान है।**

प्रशासकीय परिषद द्वारा अन्य उपलब्ध शासनादेशों का अध्ययन कर प्रो0 पात्रा के प्रकरण में उचित निर्णय हेतु निदेशक को निर्देशित किया।

**(ख) मा0 अध्यक्ष की अनुमति से प्रशासकीय परिषद की सदस्य प्रो0 डा0 आभा भार्गव द्वारा सहायक प्रोफेसर के ग्रेड पे 7000/— एवं 8000/— के आधार पर संकाय सदस्यों के वरिष्ठता के कम को बदले जाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया।**

प्रशासकीय परिषद द्वारा स्पष्ट किया गया कि कैडर (सहायक प्रोफेसर से एसोसिएट प्रोफसर, एसोसिएट प्रोफेसर से प्रोफेसर) बदलने पर ही वरिष्ठता कम बदलेगा। समान कैडर में ग्रेड पे बदलने पर वरिष्ठता कम में कोई भी बदलाव नहीं होता।

(ग) माननीय अध्यक्ष की अनुमति से संस्थान के प्रोफेसर प्रमोद कुमार के प्रोफेसर पद पर प्रोन्नत के विषय में आख्या प्रस्तुत करने हेतु गठित समिति के पुनर्गठन का प्रस्ताव (पूर्व समिति के सदस्य डा0 डी0बी0 शाक्यवार के अपने मूल विभाग में जाने के कारण एवं डा0 के0के0 गोस्वामी के गृह प्रदेश चले जाने के कारण) प्रस्तुत किया गया।

प्रशासकीय परिषद द्वारा द्वारा डा0 के0के0 गोस्वामी के स्थान पर प्रशासकीय परिषद के सदस्य श्री सुशील कुमार गुप्ता एवं डा0 डी0बी0 शाक्यवार के स्थान पर प्रस्तुतकर्ता के रूप में निदेशक, उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर को नामित किया गया।

अजित चतुर्वेदी

( डा0 मुकेश कुमार सिंह )
निदेशक एवं सदस्य सचिव
प्रशासकीय परिषद,
उ0प्र0 वस्त्र प्रौ0
संस्थान कानपुर

निदेशक
उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान
कानपुर

( श्री अवध किशोर )
उपसचिव,प्राविधिक शिक्षा,
एवं प्रतिनिधि उपाध्यक्ष
प्रशासकीय परिषद,
उ0प्र0 वस्त्र प्रौ0
संस्थान कानपुर

( प्रो0 ए0के0 चतुर्वेदी ) 24/10/18
अध्यक्ष
प्रशासकीय परिषद,
उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी
संस्थान कानपुर